नशे से दूरी है जरूरी 2.0 ... स्कूली छात्रों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूर 2.0 अभियान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे और नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं प्रमुख बाजारों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन, युवाओं एवं छात्र.छात्राओं को नशे के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और नैतिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। इस दौरान जिलेभर में जागरूकता रील्सए शार्ट फिल्म इत्यादि का आयोजन कर नशे के प्रति दिलवाई शपथ दिलवाई गई साथ ही नशे से दूरी है जरूरी का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। स्कूल कॉलेज एवं सार्वजनिक हाट बाजारों में अपील की गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने में सहयोग करें।

अभियान की प्रमुख गतिविधियां:- थाना कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत सेवा सदन हाई सेकेंडरी स्कूल एवं सेवा सदन कॉलेज में प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट फिल्म मूवीस दिखाई गई एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई शपथ दिलवाई गई पंपलेट वितरित किए गए। थाना शिकारपुरा द्वारा अभियान के तहत एबीपी ग्लोबल स्कूल खरकोद एवं प्राइमरी स्कूल दरियापुर में नशे से दूरी है जरूरीअभियान के तहत बच्चों को जागरूक किया गया। एवं पंपलेट वितरित किए गए।

थाना लालबाग पुलिस द्वारा अभियान के तहत उर्दू स्कूल गुलाबगंज मैं स्कूली बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बतलाया गया। पंपलेट वितरित किया गया। थाना गणपतिनाका द्वारा अभियान के तहत मॉडर्न स्कूल लोधीपुरा एवं जगन्नाथ यात्रा में नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। एवं पंपलेट विपरीत किए गए। थाना नेपानगर पुलिस द्वारा पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट मूवीज दिखाई गई नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया एवं रेली का आयोजन कर पंपलेट विपरीत किए गए। थाना निंबोला द्वारा ठाकुर शिवकुमार सिंह इंजीनियरिंग कॉलेज मैं पुलिस स्टाफद्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। नशे के दुष्परिणामों के बारे मेंजानकारी दी गई।

साथ ही पंपलेट विपरीत किए गए। थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अभियान के तहत फोफनार साप्ताहिक हॉट बाजार में अभियान के तहत ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। एवं नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया एवं शपथ दिलवाई गई। चौकी धूलकोट मैं नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत सांदीपनी स्कूल बोरी में उपस्थित छात्र.छात्राओं को नशे के बारे में जानकारी दी गई एवं शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरित किए गए।

डेड तलाई चौकी, महिला थाना, थाना अजाक शासकीय सावित्रीबाई फुले स्कूल में छात्राओं को अभियान के तहत जागरूक किया गया। बच्चों को शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरण किए गए। चौकी नावरा द्वारा ग्राम नावरा में लगने वाले हॉट बाजार में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर ष्नशे से दूरी है जरूरीष् 2.0 अभियान के तहत ग्राम वासियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया शपथ दिलवाई गई एवं पंपलेट वितरण किए गए।

मेक्रो विजन का उत्कृष्ट प्रदर्शन, नीट में 120 छात्रों का चयन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नीट 2026 का परीक्षा परिणाम आज घोषित किया गया जिसमें मेक्रो विज़न एकेडमी ने सलता के नए परिणाम रचे है। प्राचार्य श्री जसवीर सिंह परमार एवं जीव विज्ञान संकाय के प्रमुख डॉ. संतोष सिलोरीया ने जानकारी दी है संस्था के 4 विद्यार्थियों ने 720 में से 600 से अधिक अंक अर्जित किये है।

मेक्रो विज़न एकेडमीए बुरहानपुर के छात्र 'श्रेया अग्रवाल 646 नम्रता पटेल 634, शशि जाट 626, अविराज जैन 625, मंयक टैगोर 619, आर्यन गुप्ता 599, श्रृष्टि चुगवानी 593, दुर्गेश राठौर 584 'ने उच्चतम अंक प्राप्त कर संस्था और अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। संस्था के 'आदि नेमा ने जीव विज्ञान विषय में 360 में से 360 अंक, श्रेया अग्रवाल ने 360 में से 355 अंक प्राप्त किये।' 30 चयनित विद्यार्थीयों को देश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में आसानी से प्रवेश मिल सकेगा तथा 05 विद्यार्थीयो को एम्स में प्रवेश मिल सकेगा साथ ही करीब 15 विद्यार्थियों को अशासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश मिल सकेगा। और ऐसे कुल 50 विद्यार्थियों को इस साल डठठे में प्रवेश मिल सकेगा। ऐसे में मेक्रो विज़न एकेडमी के कक्षा 12वीं के बायलॉजी समूह के विद्यार्थियों में से 50 विद्यार्थी भारत देश के भावी डॉक्टर कहलाएगें। और खास बात कि सभी चयनित विद्यार्थियों ने प्रथम प्रयास में ही यह उत्कर्ष परिणाम हासिल किया।

मेक्रो विज़न एकेड़मी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, मंजूषा चौकसे, कबीर चौकसे, देवांशी चौकसे, कु.अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार उप प्राचार्या मोनिका अग्रवाल, विजय सुखवानी, डॉ.संतोष सिलोरिया, डॉ.अरूण शर्मा, विभा जेटली, शीतल पोपली, श्रीमती प्रतिभा नायर ने एकेडमी के समस्त स्टॉफ व छात्रों को बधाई दी है।

एक नजर में

बारिश की खेंच के बाद दोबारा की बोवनी

इच्छापुर। बारिश की खेच के बाद खरीफकी फसल की दुबारा बोवनी करने बाद भी किसान परेशान हो चुका है। अब भी जो निकले हुए अंकूर उसे किडे पंखी खा रहे है। इसके लिए किटनाशक डालने वाले पंम्प से पाणी पौधों को डाल रहे हैं। जिसके पास सिचाई का साधन है। वह सिचाई के माध्यम से फसल को बचा रहे है। किसानो को जो सरकारी मक्का दिया गया था वह भी पंन्खीयोने खाकर नष्ट कर दिया है। एक ओर किसान काफी परेशानीया झेल रहा है। दो माह पूर्व किसानों की केली आंधी तुफान से जमीनदोज हो गई। जिसका अभी मुआवजा तक नहीं मिला। रासायनिक खाद से लेकर किट नाशक दवाइया भी मंहगी है। गरीब मध्यम वर्ग के किसानो ने तो साहु कारी से पैसा लेकर बोवनी की है। उसे भी दुबारा बोवनी करने पर मजबूर होना पड रहा है। उसे अब चिंता इस बात की सता रही है। की लिया इवा कर्ज कैसे अदा होगा, धूप से उगी हुई फसल मुरझा रही है। इसी परेशानी यो को लेकर शासन प्रशासन इस ओर ध्यान देने की पहल करे।

युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से किया जागरूक

नेपानगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस में प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले के निर्देशन, मार्गदर्शन में नशे से दूरी है ज़रूरी जनजागरूकता अभियान के द्वितीय चरण के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, उसके दुष्परिणामों तथा उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना, उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नेपानगर थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी अपने पुलिस दल के साथ उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है और यदि युवा नशे की गिरफ्त में आ जाए तो उसका दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास पर भी पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शराब, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, ई.सिगरेट, मादक पदार्थों व सिंथेटिक ड्रग्स सहित विभिन्न प्रकार के नशों के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

हैह्य कलचुरी कलाल समाज : महिला संगठन ने किया एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। हैहय कलचुरी कलार समाज के कल्चुरी शक्ति स्वर महिला संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान के उद्देश्य से माँ के नाम एक पेड़ पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने अपनी माँ के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेते हुए एक.एक पौधा रोपा।

समाज की जिला अध्यक्ष डॉण् उर्मिला चौकसे ने कहा कि पर्यावरण में वास्तविक सुधार तभी संभव हैए जब वृक्षारोपण के साथ.साथ पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष जीवन का आधार है तथा शुद्ध वायु और शुद्ध जल के बिना मानव जीवन की कल्पना अधूरी है।

कार्यक्रम का आयोजन रीता चौकसेए सुनीता शिवहरेए ममता शिवहरेए आरती चौकसेए अलका चौकसेए मीना चौकसे एवं सपना जायसवाल के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर भी है।

कार्यक्रम में सुधा चौकसे, उर्मिला चौकसे, शेफाली भमोरे, अभिलाषा चौकसे, आशा भमोरे, सुनीता भमोरे, कामिनी चौकसे, योगिता चौकसे, बिंदिया चौकसे, लता चौकसे, श्रीमती कल्पना चौकसे, डॉ. वंदना चौकसे, रेखा चौकसे, दीपिका चौकसे, तनुजा चौकसे, खुशबू चौकसे, साधना चौकसे, नीतू चौकसे, वैशाली चौकसे, साक्षी चौकसे, रीना चौकसे, रचना चौकसे एवं प्रभा जायसवाल सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में अलका चौकसे ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभी उपस्थितजनों ने हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण को जन.जन तक पहुंचाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का सामूहिक संकल्प लिया।

पॉलिटेक्निक कॉलेज ने की करियर काउंसलिंग

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। जीजामाता शासकीय पोलीटेकनिक महा विद्यालय बुरहानपुर करियर कॉउंसलिग की गई।

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शत- प्रतिशत प्रवेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 16 जुलाई को जवाहर नवोदय विद्यालय, श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौक बाजार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोनी तथा दयानंद आर्यन वैदिक विद्यालय बहादरपुर में महाविद्यालय की काउंसलिंग टीम द्वारा करियर काउंसलिंग की गई। जिसमें छात्र.छात्राओं को महा विद्यालय में संचालित समस्त ब्रांच का विस्तृत परिचय दिया। उनकी पोलीटेकनिक कोर्स से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया। संस्था प्राचार्य डॉ. दीपक शाह ने 14 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होकर इच्छुक विद्यार्थियों को अपना प्रवेश सुरक्षित करने का आग्रह किया है।

प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही न करें : कलेक्टर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। कलेक्टर हर्ष सिंह ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में ना करें। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि समय.सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जायेंए कार्यों में लापरवाही होने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

आरसीएमएस मासिक पत्रक, सीमांकन, बंटवारा, रिकॉर्ड दुरुस्ती, भू-अर्जन एवं भूमि आवंटन के प्रकरण, फॉर्मर रजिस्ट्री एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की गई। लंबित आवेदनों पर कलेक्टर सिंह ने कारण पूछते हुए, संबंधित राजस्व अधिकारियों को नोटिस जारी करने तथा तीन दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में जल्द ही प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाये। बिना उचित कारण किसी भी प्रकरण में देरी ना करें। यदि किसी प्रकरण में वास्तविक कारणवश विलंब हो रहा है तो संबंधित अधिकारी तत्काल अवगत कराएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम को निर्देशित किया कि फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें, नियमित बैठक लें तथा अपेक्षित कार्य नहीं करने वाले पटवारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री सिंह ने सातवीं लघु सिंचाई संगणना का कार्य समय पर पूर्ण करने, राजस्व वसूली बढ़ानेए अवैध कॉलोनियों पर सख्त कार्यवाही करने, जाति प्रमाण-पत्र एवं लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए। स्कूल बसों की जांच रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने कहा कि मौके पर पहुंचकर शिकायतों की जांच करें।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 कार्यशाला में बुरहानपुर निगम के जनप्रतिनिधि शामिल

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम.2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यशाला में बुरहानपुर नगर निगम की ओर से महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव तथा एमआईसी चेयरमैन श्री धनराज महाजन ने सहभागिता की। कार्यशाला में प्रदेशभर के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को नवीन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के विभिन्न प्रावधानों, स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, जनभागीदारी तथा नगरीय निकायों की भूमिका पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

फीडबैक फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिन्हा द्वारा स्वच्छता प्रबंधन एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन विषय पर विस्तृत प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने स्वच्छता के आधुनिक मॉडल, कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन, संसाधनों के बेहतर उपयोग आदि पर प्रकाश डाल प्रभावी कार्ययोजना की जानकारी दी।

महापौर माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि कार्यशाला से प्राप्त अनुभव एवं सुझाव बुरहानपुर नगर निगम में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

निगम अध्यक्ष श्रीमती अनीता अमर यादव ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम.2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनजागरूकता और नागरिकों का सहयोग सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नागरिकों से घर.घर कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

एमआईसी चेयरमैन श्री धनराज महाजन ने कहा कि कार्यशाला में प्राप्त तकनीकी जानकारी एवं सुझावों के आधार पर बुरहानपुर नगर निगम स्वच्छता प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण.अनुकूल बनाना है।

श्री गणेश विद्यालय के पूर्व छात्र और सेना के नायब सूबेदार, आपरेशन सिंदूर के सैनिक का सम्मान

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। श्री गणेश विद्यालय के पूर्व छात्र और भारतीय सेना के नायब सूबेदार अभय रोड़े का विद्यालय समिति एवं स्टाफ द्वारा स्वागत व सम्मान किया। अभय ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया और शत्रु की दो चौकियों को अपनी टीम के साथ मिलकर नष्ट किया था। ऑपरेशन सिंदूर में अभय ने बी एम टी मिनी टैंक के माध्यम से शत्रु की चौकियों पर लगातार बमबारी की थी। आप पर विद्यालय गर्व करता है। विद्यालय के सचिव अधिवक्ता जगदीश जी वाढ़े ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

विद्यालय के उपाध्यक्ष भीमसेन जी लधवे एवं प्राचार्य गोपाल जी मुझालदा ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। अभय जी रोड़े ने कहा कि सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरणा श्री गणेश विद्यालय से मिली थी। इसमें महत्वपूर्ण भूमिका विद्यालय एवं शिक्षकों की रही। विद्यार्थियों को आपने स्वअनुशासित रहने का संकल्प कराया। इस अवसर पर शिक्षक पाटिल, मोहन रावल, चंचल लांडगे सहित समस्त छात्र छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा आभार प्रदर्शन प्राचार्य गोपाल जी मुझालदा ने किया। संचालन नरेन्द्र जाधव ने किया।

एक नजर

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता और पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक अर्चना चिटनिस ने बढ़ाया महिलाओं का उत्साह

केले के रेशे से बनी पर्यावरण अनुकूल राखियां बन रहीं आत्मनिर्भर बुरहानपुर की नई पहचान

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। केले के उत्पादन के लिए देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाला बुरहानपुर अब केले के रेशे, फाइबर से तैयार हो रहे मूल्यवर्धित उत्पादों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है। एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत केले को मिली पहचान अब रोजगार और स्वरोजगार का नया आधार बन रही है। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिले की महिला स्व.सहायता समूहों द्वारा केले के रेशे से शुद्ध, हस्तनिर्मित एवं पूर्णत: पर्यावरण अनुकूल राखियां तैयार की जा रही हैं। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल, लोकल फॉर ग्लोबल के आह्वान तथा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के संकल्प को धरातल पर साकार करती दिखाई दे रही है।

इसी क्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस से ग्राम जैनाबाद के श्रीकृष्ण स्वयं सहायता समूह की श्रीमती पूजा कुशवाह तथा शाहपुर निवासी श्रीमती उषा उदलकर ने भेंट कर केले के रेशे से तैयार की जा रही राखियों एवं अन्य उत्पादों की जानकारी दी। महिलाओं ने उन्हें हस्तनिर्मित राखियां भी भेंट कीं तथा अपने स्वरोजगार की यात्रा साझा की।

श्रीमती पूजा कुशवाह ने बताया कि श्रीकृष्ण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने केले के रेशे से उत्पाद बनाने का कार्य छोटे स्तर से प्रारंभ किया था। निरंतर प्रयासए नवाचार और आत्मविश्वास के बल पर आज यह पहल 40 से अधिक महिलाओं के लिए रोजगार का सशक्त माध्यम बन चुकी है। समूह द्वारा केले के रेशे से झूले, मोबाइल कवर, झूमर, पेन होल्डर, भगवान गणेश की प्रतिमाएं, सजावटी सामग्री सहित अनेक आकर्षक एवं उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। आगामी रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से प्राकृतिक राखियों का निर्माण किया गया है।

श्रीमती उषा उदलकर ने बताया कि उनके समूह द्वारा बनाई जा रही राखियां पूरी तरह शुद्ध एवं पर्यावरण.अनुकूल हैं। इनमें किसी भी प्रकार के रासायनिक रंगए प्लास्टिक या पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता।

केले के रेशे से तैयार यह राखियां प्राकृतिक सौंदर्य, भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती हैं। उन्होंने बताया कि राखियों की कीमत 15 से 25 रुपए तक की रखी गई है, जिससे प्रत्येक परिवार आसानी से इन्हें खरीद सके। लोगों में इन प्राकृतिक राखियों के प्रति लगातार उत्साह बढ़ रहा है और मांग भी तेजी से बढ़ रही है, जिससे महिलाओं की आय एवं आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हो रही है।

महिलाओं के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि बुरहानपुर का केला केवल कृषि उत्पाद नहीं, बल्कि जिले की पहचान है। अब इसी केले के रेशे से तैयार होने वाले मूल्यवर्धित उत्पाद किसानों, महिलाओं और स्थानीय उद्यमिता को जोड़ने वाली एक मजबूत आर्थिक श्रृंखला का निर्माण कर रहे हैं। इससे कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे और जिले की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर तैयार किए गए उत्पाद ही विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया वोकल फॉर लोकल का मंत्र तभी सार्थक होगाए जब हम स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देंगे। बुरहानपुर की महिलाएं अपने कौशल और परिश्रम से इस अभियान को जन.आंदोलन का स्वरूप दे रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में महिला स्व.सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है और बुरहानपुर की महिलाएं इस दिशा में प्रेरणादायी भूमिका निभा रही हैं।

श्रीमती चिटनिस ने कहा कि भारतीय संस्कृति में केले के वृक्ष और उसके पत्तों का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व है। पूजा.अर्चना, मांगलिक कार्यों और शुभ अवसरों पर केले के वृक्ष एवं पत्तों का उपयोग शुभता, समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में केले के रेशे से बनी राखियां हमें प्रकृति, संस्कृति और भारतीय परंपराओं से जोड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने कहा कि महाभारत में द्रौपदी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की उंगली पर बांधा गया रक्षा सूत्र केवल एक धागा नहीं था, बल्कि प्रेम, विश्वास और संरक्षण का प्रतीक था। उसी स्नेह का ऋण भगवान श्रीकृष्ण ने जीवनभर निभाया। रक्षाबंधन का यही पवित्र भाव आज भी भाई.बहन के अटूट रिश्ते की आधारशिला है। केले के रेशे से बनी यह प्राकृतिक राखियां उस स्नेह के साथ.साथ प्रकृति संरक्षण का संदेश भी देती हैं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने नागरिकों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि इस रक्षाबंधन पर अधिक से अधिक लोग महिलाओं द्वारा अपने हाथों से तैयार की गई केले के रेशे की राखियां खरीदें। प्रत्येक खरीदी गई राखी केवल भाई.बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक नहीं होगी, बल्कि किसी महिला के आत्मसम्मान, उसके परिवार की खुशहाली, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर की महिलाएं यह सिद्ध कर रही हैं कि यदि स्थानीय संसाधनों को नवाचार, कौशल और आत्मविश्वास के साथ जोड़ा जाए तो वे राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना सकते हैं। केले के रेशे से बनी ये शुद्ध एवं पर्यावरण. अनुकूल राखियां केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भावना, स्थानीय उद्यमिता और आत्मनिर्भर भारत की जीवंत एवं प्रेरणादायी मिसाल हैं।